**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## जी 20 सम्मेलन में शिरकत करेंगे विश्वविद्यालय के कुलपति

पन्तनगर। 28 मार्च 2023। देवभूमि उत्तराखण्ड के ताज कार्बेट रिसोर्ट और स्पा, रामनगर (नैनीताल) में मार्च 28 से 30, 2023 तक आयोजित हो रही जी–20 की चीफ साइंस एडवाइजर राउंड टेबल कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान प्रतिभाग करेंगे। डा. चौहान पशुचिकित्सा विज्ञान के मूर्धन्य वैज्ञानिक है और क्लोंनिंग के द्वारा गाय और भैंस की उच्च उत्पादकता वाली नस्लों के विकास में इनका महत्वपूर्ण एवं मूलभूत योगदान रहा है। डा. चौहान भारत की चार प्रतिष्ठित नेशनल एकेडमी के फैलो हैं। माह अगस्त 2022 में विश्वविद्यालय में कुलपति का कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व वे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम के निदेशक तथा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक एवं कुलपति के रूप में योगदान दे चुके है। विश्वविद्यालय में कुलपति के पद ग्रहण के बाद निरन्तर शैक्षणिक गतिविधियों को उत्कृष्टता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है। जी–20 सम्मेलन में उनकी भागीदारी विश्वविद्यालय एवं उत्तराखण्ड के लिए एक गौरव की बात है।



*विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*